उत्तराखण्ड शासन

टेलीफोन : 0135-2781201
ईमेल आई: info@ukmc.in

E-Mail

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून।

पत्र संख्या 276 / उ.अ.आ. / 09-जनजानकारी अभि. / ऊधमसिंहनगर / 2023-24 दिनांक 06 जून, 2023

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद-ऊधमसिंहनगर।

विषयः- **श्री सरदार इकबाल सिंह (राज्य मंत्री स्तर) एवं श्री मज़हर नईम नवाब (राज्य मंत्री स्तर), मा0 उपाध्यक्षगण, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के दिनांक 15 जून, 2023 को प्रस्तावित जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम / भ्रमण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के क्रम में श्री सरदार इकबाल सिंह (राज्य मंत्री स्तर) एवं श्री मज़हर नईम नवाब (राज्य मंत्री स्तर) मा0 उपाध्यक्षगण, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा ***दिनांक 15 जून, 2023 को पूर्वाह्न 11:00*** बजे ***जनपद ऊधमसिंहनगर के विकासखण्ड रूद्रपुर स्थित विकासभवन सभागार*** में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु ***"जन-जानकारी अभियान"*** कार्यक्रम एवं निम्न जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगें, बैठक में निम्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी / वरिष्ठतम् अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

1.	पुलिस विभाग।	2.	शिक्षा विभाग।	3.	चिकित्सा विभाग।
4.	विद्युत विभाग।	5.	नगर निगम / नगरपालिका / नगर पंचायत	6.	अग्रणी बैंक।
7.	पेयजल / जल संस्थान।	8.	पंचायती राज।	9.	श्रम विभाग।
10.	सेवायोजन विभाग।	11.	वन विभाग।	12.	राजस्व विभाग।
13.	अर्थ एवं संख्या विभाग।	14.	जिला विकास कार्यक्रम विभाग।	15.	कृषि विभाग।
16.	उद्यान विभाग।	17.	समाज कल्याण विभाग।	18.	मत्सय विभाग।
19.	डेरी विभाग / दुग्ध विभाग।	20.	सूचना विभाग।	21.	उद्योग विभाग।
22.	खादी ग्रामोद्योग विभाग।	23.	पशुपालन विभाग।	24.	परिवहन विभाग।
25.	जिला युवा कल्याण विभाग।	26.	अल्पसंख्यक कल्याण विभाग।	27.	खाद्यान विभाग।
28.	निर्माण से संबंधित समस्त कार्यदायी संस्था।				

अतः उक्त के क्रम में कृपया जनपद ऊधमसिंहनगर के विकासखण्ड रूद्रपुर स्थित विकासभवन सभागार को उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम / समीक्षा बैठक हेतु आरक्षित कराने के साथ-साथ अपने स्तर से उक्त समस्त जनपदीय अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की सूचनाएं एवं उनके विभाग द्वारा संबंधित योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय को लाभान्वित किये जाने से संबंधित सूची / सूचनाओं सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके साथ ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंहनगर को जनपद में निवासरत् सम्भ्रान्त व्यक्तियों व अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को भी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में एकत्रित करने एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार व अन्य व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा पृथक से प्रेषित की जायेगी।

आज्ञा से,

(जे.एस.रावत)
सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।

पृष्ठाकंन संख्या 275...... एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. वैयक्तिक सहायक, मा0 अध्यक्ष / मा0 उपाध्यक्षगण महोदय, को मा0 अध्यक्ष / मा0 उपाध्यक्षगण महोदय के अवनोकनार्थ प्रेषित।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधमसिंहनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम / बैठक के सफल संचालन हेतु आवश्य पुलिस बल की व्यवस्था कराये जाने हेतु संबंधित को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. जिला सूचना अधिकारी, ऊधमसिंहनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम / बैठक को सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराते हुए उपरोक्तानुसार मीडिया बन्धुओं को प्रेस वार्ता में आने हेतु अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
4. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंहनगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम एवं बैठक के सफल संचालन हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था करने, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मुख्यमंत्री हुनर योजना एवं अन्य समितियों में नामित सदस्यों को आमन्त्रित कर सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त मा0 आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।